- *बंदर से लड़की तक पहुंचने की कहानी और खेल भी उपयुक्त समय पर कराए जा सकते हैं। इनसे एक कम की अवधारणा भी विकसित होगी जो घटाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।*
- *सुझाई गई गतिविधियां कई बार कराएं। पेंसिल का उपयोग बाद में करें।*


इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराईं-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएं | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |







आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किसमें दिक्कत आई?

# चीकू और बाली



# कितने बचे....?

| | |
|---|---|
|  —  <br>तीन चिड़ियो में से एक उड गई। कितनी बचीं? | 3<br>-1<br>2 |
|  — <br>पांच डिब्बों में से तीन निकालो। कितने बचे? | 5<br>-3<br> |
|  — <br>चार पेन में से मटरू दो ले गया। कितने बचे? | 4<br>-<br> |
|   <br>तालाब में 6 मछलियां थीं। मोहन ने 4 मछलियां पकड़ ली। कितना बचीं? | |
|   <br>मदन के पास 3 पत्थर थे। उसने तीनों पानी में फेंक दिए। कितने बचे? | |

# कितने बचे.....

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र है। इन्हे बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियां भी सोचें व कराएँ।*
*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*
*- ठोस वस्तुओं व कार्डो का अधिक से अधिक उपयोग करें।*
*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

## गतिविधियाँ -

- पन्नें में दिए गए सवालों को कहानियों में पिरो कर सुनाना जैसे मनकू के घर पर तीन चिड़ियाँ दाना चुग रही थीं। मनकू गुब्बारे से खेल रहा था। अचानक गुब्बारा फूटा। उसकी आवाज से तीन चिड़ियों में से एक उड़ गई। कितनी बचीं.....
दोनों चिड़ियों ने कहा अरे छुटकी तो फालतू में उड़ गई - एक गुब्बारा ही तो था....
- बच्चों को स्वयं चित्र देखने देना और उन पर बातचीत करने देना। चित्र में क्या हो रहा है चित्र के माध्यम से सवाल समझना।
- सवाल पढ़ना और समझना। घटा को कुछ वस्तुओं में से कुछ कम करने के रूप में समझना। घटा के चिन्ह को पहचानना।
- सवालों को कंकड़ों की मदद से हल करना।
- अंक कार्ड ढूंढ कर सवाल हल करना। (खाली कार्ड में - का निशान बना सकते हैं।)

जैसे

$$\begin{array}{r} \boxed{4} \\ \boxed{-}\ \boxed{2} \\ \hline \boxed{2} \end{array}$$

- खाली जगह पर सवाल लिख कर हल करना। (तीसरा सवाल पूरा करके हल करना है।)
- ऐसे और सवाल और चित्र बनाना व हल करना।

***नोट :-** यह घटाने का दूसरा पन्ना है। इसमें सवाल चित्रों के अलावा भाषा व अंकों में भी हैं। पृष्ठ 42 में केवल चित्रों में थे। गणित समझने में भाषा, अंक व चिन्ह में सामंजस्य महत्वपूर्ण है।*
*- सवाल लिख कर करने से पहले मौखिक व ठोस वस्तुओं से काफी अभ्यास करवाएँ। कार्ड रख कर भी करें।*
*- अभी घटा की शुरुआत ही है। अतः बच्चों को ठोस वस्तु और चित्रों की सहायता की जरुरत होगी। इसलिए उन्हें यह सहारा लेने दें।*

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराईं-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

________________________________________

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?

________________________________________

# फुग्गे

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र हैं। इन्हें बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएँ।*
*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*
*- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।*
*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*


## गतिविधियाँ -

- कहानी सुनाते हुए सवाल मौखिक हल करना।
- पट्टी पर लिखकर सवाल हल करना (इस तरह भी करा सकते हैं)

$$\begin{array}{r} 10 \\ +\ 5 \\ \hline \\ +\ 2 \\ \hline \end{array}$$

- यदि जरुरत पड़े तो गुब्बारों पर कंकड़ रखकर गिनना।
- इस तरह के 2 या तीन चरण की और कहानियां सुनाना व उनसे सवाल हल करवाना। (इसी कहानी में संख्या बदली जा सकती है। और कहानयाँ भी बनाई जा सकती हैं।)
- पहले कितने बच्चे थे कितने और आए कितने हुए जैसे सवाल भी पूछना।
- फुग्गों, रानू, मटरु पास जैसे शब्द ढूंढना। चित्र के साथ लिखना।
- दो टीमों में या जोड़ियों में हल करने का खेल खेलें एक सवाल बनाएँ दूसरा हल करें।

# फुग्गे




रानू और मटरू मेला देखने गए।
वहाँ उन्होंने फुग्गे खरीदे।




रानू ने मटरू से कहा-
मेरे पास दस फुग्गे हैं।
तेरे पास तो सिर्फ पाँच
ही हैं।

दोनों के **मिलाकर** कितने फुग्गे
हुए?

+ ___

___




नटरू ने कहा- हमारे पास 15 फुग्गे हैं। राजू के पास तो 2 ही हैं।

तीनों के मिला कर कितने फुग्गे हुए?

$$\begin{array}{r} \\ +\underline{\quad\quad} \\ \underline{\quad\quad} \end{array}$$

रानू - शिब्बू तू भी हमारे साथ आ जा। हमारे पास खूब सारे फुग्गे हो जाएंगे।

कितने सारे हो जाएंगे?

$$\begin{array}{r} 17 \\ +\underline{\ \ 2} \\ \underline{\quad\quad} \end{array}$$



- ऐसे ही दो तीन चरण में छोटी संख्याओं के साथ घटाने के सवाल। कहानियाँ बनाना।

***नोट :- इस पन्ने में फिर चित्र, शब्द और अंकों के संबंध के साथ सवालों का सिलसिला है। यह संबंध बहुत महत्वपूर्ण है।***
***- यहां दो जटिलताएं जुड़ गई हैं - 3 चरण के सवाल हैं। 10 से बड़ी संख्याएँ हैं। सवाल लिखते समय इकाई सही जगह लिखने पर ध्यान दें।***

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराईं-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किसमें दिक्कत आई?